# मृतक प्रशांत के परिजनों से मिले डा. लाखन पाल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम हैजरपुर में विगत दिनों प्रशांत सैनी के साथ एक दबंग युवती व उसके परि. जनों द्वारा बुरी तरह मारपीट गई थी। घायल प्रशांत की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। सपा के प्रदेश सचिव डा.लाखन सिंह पाल पार्टी पदाधिकारियों के साथ शोक सभा स्थल पर पहुंचे और मृतक प्रशांत को श्रद्धांजलि अर्पित कर उसकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर प्रार्थना की। डा. लाखन सिंह पाल ने कहा है कि मौजूदा सरकार में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। आम आदमी पर अत्याचार हो रहा है कहीं पाल की हत्या हो जाती है, तो कही दलित समाज की लड़की को अगवा कर उसके माता की हत्या की जाती है। कहीं मुसलमान पर मामूली विवाद को लेकर उनके कारोबारों को ध्वस्त किया जा रहा है। उन्हें बेवजह जेल में बंद किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह एक ही घटना नहीं है। प्रदेश में आए दिन ऐसी वारदातें और हत्याएं हो रही हैं। डा. लाखन सिंह पाल ने कहा है कि हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आदेश है कि हर पीड़ित के साथ समाजवादी पार्टी को खड़ा होना है। उन्होंने कहा कि उन्हीं के आदेश पर हमारा प्रतिनिधिमंडल यहां पर आया है और हर संभव मदद करने के लिए तैयार हैं। इस मौके पर सपा नेत्री कुंतेश सैनी, प्रदेश सचिव मदन लाल सैनी एड., सचिव राधा सैनी, डा.इरफान मलिक एवं मुरादाबाद से वरिष्ठ नेता जयपाल सैनी मौजूद रहे। डा. लाखन सिंह पाल ने कहा है कि हालांकि पुलिस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी और फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## धामपुर के उदित का प्रयागराज में खान सर ने किया सम्मान



**धामपुर।** क्षेत्र के ठाट जट निवासी उदित कुमार ने पीसीएस 2024 परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रयागराज में आयोजित एक सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। इस समारोह का आयोजन पीसीएस 2024 में सफल अभ्यर्थियों के सम्मान के लिए किया गया था, जिसमें प्रसिद्ध शिक्षक खान सर द्वारा उदित कुमार को सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके साथ उनके भाई आदित्य कुमार भी उपस्थित रहे। उदित कुमार के सम्मान के समय पूरे सभागार में तालियों की गूंज सुनाई दी, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। सम्मान समारोह में खान सर ने उदित कुमार को अशोक की लाट का स्मृति चिन्ह भेंट किया और उन्हें ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं भी दीं। उदित कुमार की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# चांदपुर सीट से स्वाती वीरा व दीपक सैनी सपा के टिकट के दावेदार





### गैर जाट प्रत्याशी उतारने का मिलेगा बड़ा फायदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट को लेकर जहां एक तरफ कई दावेदारों के नाम सामने आ रहे है, वहीं सबसे ज्यादा चर्चा स्वाती वीरा व दीपक सैनी के नामों को लेकर है। सूत्रों के मुताबिक इस सीट पर गैर जाट प्रत्याशी उतारे जाने से पार्टी को जीत मिल सकती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर सीट से वर्तमान में सपा के स्वामी ओमवेश विधायक है। उन्होंने बहुत कम अंतर से जीत दर्ज की थी। चांदपुर सीट पर मुस्लिम समाज ने बसपा के डॉ. शकील हाशमी को वोट न देकर उन्हें वोट दिए थे। मुस्लिमों के द्वारा उनके पक्ष में रिकार्ड मतदान करने की वजह से भाजपा की पूर्व विधायक कमलेश सैनी हार गई थी।

सूत्रों का कहना है कि चांदपुर सीट भाजपा गठबंधन में रालोद को मिल सकती है। रालोद के टिकट के सबसे मजबूत दावेदार पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं बिजनौर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में चुनाव लड़ चुके डॉ. नीरज चौधरी हैं। डॉ. नीरज चौधरी बहुत कम वोटों के अंतर से पिछला चुनाव हार गए थे। पूर्व रालोद जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी व डॉ. नीरज चौधरी चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के ही रहने वाले है। बताते हैं कि चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम, सैनी व वैश्य मतदाताओं की संख्या काफी है। सपा के स्थानीय कार्यकर्ता चाहते हैं कि यहां से उनकी पार्टी का प्रत्याशी ही चुनाव जीतना चाहिए। कार्यकर्ताओं का मानना है कि प्रत्याशी इतना मजबूत होना चाहिए कि वह हर तरह से क्षेत्र के मतदाताओं में अपनी पकड़ बना सके। साथ ही सत्ता विरोधी लहर का फायदा भी उठा सके। प्रत्याशी ऐसा होना चाहिए, जो अपने समाज के साथ-साथ पीडीए के वोट भी ले सके। फिलहाल इस सीट पर टिकट के मजबूत दावेदारों के तौर पर मुरादाबाद की सपा सांसद रूचि वीरा की पुत्री स्वाती वीरा एवं नूरपुर सीट से सपा के विधायक राम अवतार सिंह सैनी के पुत्र दीपक सैनी के नाम की चर्चा सबसे ज्यादा है। दीपक सैनी ने पिछला लोकसभा चुनाव सपा के टिकट पर बिजनौर सीट से लड़ा था। वह चुनाव हार गए थे। अब देखना यह है कि सर्वे के आधार पर मजबूत प्रत्याशी उतारे जाने की तैयारी कर रही सपा अपनी चांदपुर सीट बचाने के लिए किस मजबूत प्रत्याशी को टिकट देती है। सपा कार्यकर्ताओं का मानना है कि पिछले विधानसभा चुनाव की तरह आखिरी समय में टिकट न दे कर काफी पहले प्रत्याशी का चयन किया जाना चाहिए। ताकि वह क्षेत्र में मेहनत कर सके। आखिरी समय में प्रत्याशी उतारे जाने से फायदा कम और नुकसान ज्यादा होता है।

# डीपीआरओ रिजवान गिरफ्तार

## कथित रूप से चर्चित सचिव से रिश्वत लेने का आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बरेली से आई विजिलेंस विभाग की टीम ने जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद को कथित रूप से चर्चित पंचायत सचिव शुभम मलिक (सुंदरपुर वाला) से बीस हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। कथित रिश्वतकांड को लेकर काफी देर तक कार्यालय में आरोपों व प्रत्यारों का दौर चलता रहा। डीपीआरओ रिजवान अहमद का कहना था कि न तो उन्होंने रिश्वत मांगी थी और न ही अपने हाथ में रिश्वत ली। उन्हें एक लॉबी के द्वारा साजिश का शिकार बनाया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कोतवाली देहात ब्लॉक में पंचायत सचिव शुभम मलिक तैनात है। इसको लेकर काफी चर्चाएं रहती हैं। शुभम मलिक ने विजिलेंस विभाग, बरेली से शिकायत की थी कि उससे काम करने की एवज में जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। विभाग की टीम आज विकास भवन में पहुंची। आरोप है कि जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद ने शुभम मलिक से बीस हजार रुपए ले लिए।

इसके बाद टीम ने जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद को पकड़ लिया और अपने साथ ले गई। इसी दौरान वहां पर काफी गहमा-गहमी होती रही। जिला पंचायत राज अधिक.ारी रिजवान अहमद का कहना था कि न तो उन्होंने शुभम मलिक से कोई रिश्वत मांगी थी और न ही उसने हाथ में कोई रिश्वत दी। इस तरह से किसी को फंसाने के लिए साजिश रच कर कोई भी मेज व अन्य स्थान पर रुपए रख सकता है। उन्होंने खुद को बेगुनाह बताते हुए कहा कि गलत तरीका अपनाया गया है।

उधर चर्चा है कि इस पूरे मामले में विभाग के ही कुछ अधिकारी शामिल है। जनपद में जिला पंचायत राज अधिकारी बनने के लिए कुछ अधिकारी प्रयासरत रहे हैं। शुभम मलिक की पंचायतों को लेकर भी कई चर्चाएं सामने आई हैं।

# रोडवेज बस में चालक ने की आत्महत्या

## पारिवारिक कलह से तंग होकर उठाया कदम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रोडवेज बस के अंदर चालक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिससे सनसनी फैल गई। रोडवेज बस के अंदर आत्महत्या करने का यह पहला मामला है। सूत्रों का कहना है कि पत्नी से विवाद के चलते चालक ने यह खतरनाक कदम उठाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार अनुबंधित रोडवेज बस संख्या यूपी 81 बीटी 6614 स्थानीय रोडवेज बस स्टैण्ड में खड़ी थी। संविदा चालक धर्मेन्द्र (33 वर्ष) निवासी मौहल्ला मुश्तरक, थाना मीरापुर, जनपद मुजफ्फरनगर बस के अंदर रात को सो गया था। सुबह जब परिचालक सलमान ने उसके मोबाइल पर कॉल की, तो वह रिसीव नहीं हुई। सलमान ने बस स्टैण्ड के स्टाफ को सूचना दी। जब बस के अंदर जाकर देखा गया, तो धर्मेन्द्र की गमछे में लाश टंगी हुई थी। सूचना मिलते ही रोडवेज के अधिकारी व पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की। मृतक धर्मेंद्र मुजफ्फरनगर रूट की बस पर चालक था। बीती रात अपने निर्धारित रूट से लौटने के बाद चालक धर्मेंद्र खाना खाकर बस में ही सो गया था। इस संबंध में पुलिस जानकारी जुटा रही है। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया था। जिसने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और जांच की। घटना से यात्रियों में दहशत फैल गई। मृतक की पन्द्रह साल पहले शादी हुई थी। उसकी पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जाती है। उसके छोटे-छोटे बच्चे है। रोडवेज के अधिकारियों ने बताया कि चार अप्रैल को ही उसने इस बस पर ड्यूटी ज्वाइन की थी।

# आईबी को आवंटित भूमि कब्जा मुक्त

## आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** तहसील प्रशासन ने आईबी को आवंटित कराई जा रही भूमि से कब्जा हटवा कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सदर तहसील के ग्राम झकड़ी बांगर में गाटा संख्या 651 की 0.227 हैक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6 (2) में दर्ज है। लेकिन इस भूमि पर कब्जा करने की नीयत से कुछ लोगों के द्वारा ईंटों की कच्ची दीवार बना कर उस पर टीन शेड डाल दिया गया था। इनके द्वारा सरकारी भूमि को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था। यह भूमि शहर के अत्यंत निकट होने की वजह से काफी कीमती है। पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर भूमि को कब्जा मुक्त कराया।

# विवेक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय सदैव अपने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा, प्रशिक्षण एवं उद्योग आधारित अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आर्यन, देव, प्रांजल चौधरी, वंशिका चौधरी ने अपनी मेहनत, लगन और कौशल के बल पर प्रतिष्ठित कंपनी Induslnd Nippon Life, Recruitment Development Manager के पद पर चयनित होकर विश्वविद्यालय, शिक्षकों एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। यह उपलबधि विवेक विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षण गुणवत्ता, प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था और उद्योग से मजबूत संबंधाों का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

इस उपलब्धि पर कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय का उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों को ऐसे कौशल से सशक्त बनाना है जिससे वे वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

प्रो. कुलाधिपति दीपक मित्तल ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और यह विश्व. विद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम है। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग के प्रयासों की भी सराहना की। सलाहकार अनिल शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक विकास पर बल देता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संचार कौशल और नेतृत्व गुणों के विकास के लिए भी निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि आदित्य चौधरी की यह सफलता विवेक विश्वविद्यालय के समग्र शिक्षण दृष्टिकोण का परिणाम है।

कुलपति प्रो. (डा.) एनके गुप्ता ने कहा कि विवेक विश्व. विद्यालय सदैव अपने विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि आदित्य की यह सफलता यह दर्शाती है कि विवेक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से सशक्त हैं बल्कि व्यावसायिक कौशलों में भी अग्रणी हैं।

कुलसचिव हितेश शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग और अवसर प्रदान करता है ताकि वे अपने करियर में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें। उन्होंने आदित्य को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विवेक विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करेगी।

इस मौके पर प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग की टीम के नेतृत्वकर्ता नितिश वर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि विवेक विश्वविद्यालय की प्रशिक्षण नीति और विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम का परिणाम है। विश्वविद्यालय न केवल विद्यार्थी को तकनीकी रूप से तैयार करता है, बल्कि उन्हें साक्षात्कार, व्यक्तित्व विकास, और कॉपेरिट जगत की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विवेक विश्वविद्यालय के और भी विद्यार्थी देश की अग्रणी कंपनियों में स्थान प्राप्त करेंगे। यह सफलता विवेक विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति, समर्पित शिक्षण पद्धति और उद्योग सहयोग की मजबूत परंपरा का एक और गौरवशाली उदाहरण है। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में रिया भट्नागर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट का सहयोग रहा।

## एक नजर

### इरफान ने किया सावधान



**बिजनौर।** भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज व इस्लाहुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद इरफान मंसूरी ने कहा कि कुछ फिरकापरस्त ताकतें देश का माहौल खराब कर के एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाना चाहती है। उनके इस मंसूबों पर पानी फैरा जाएगा। जनता सब देख रही है और 2027 में जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। इरफान मंसूरी ने कहा कि दलित, पिछड़े और मुस्लिम ही उनको सत्ता से बाहर कर सकते है। इनको किसी के बहकावे न आकर एकजुट हो कर संविधान के मानने वालों के साथ खड़े रहना है। आज प्रदेश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। महंगाई ने कमर तोड़ रखी है। नेता अपने आप में मस्त है, जबकि जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि देश कानून से चलेगा, लेकिन कुछ नेता कानून और संविधान की नहीं मानते है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं से सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश सुरक्षित हाथों में रहे, इसके लिए भी जनता को गंभीरता से सोचना होगा। किसी भी कीमत पर भाईचारे को कमजोर नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें चाहे कितनी बड़ी कुर्बानी ही क्यूं न देनी पड़े, उसके लिए तैयार रहना होगा।

### रेहड़ में सोमपाल अरेस्ट



**बिजनौर।** रेहड़ थाने में पांच अप्रैल को वादिनी ने तहरीर दी थी कि ग्राम मोहिद्दीनपुर निवासी सोमपाल सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह ने उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 15/26 धारा 65 (1), 351 (3) व 333 बीएनएस एवं धारा 5 (एल)/6 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने सोमपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### बिजनौर में सलमान गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में सात अप्रैल को ज्ञान विहार कॉलोनी निवासी मनोज कुमार पुत्र प्रवीण सिंह ने तहरीर दी थी कि किसी ने रोडवेज बस स्टैण्ड से उसकी बाइक संख्या यूपी 20 बीक्यू 1579 चोरी कर ली है। इस संबंध में धारा 303 (2) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के बाद अभियोग में किरतपुर के मौहल्ला लोहारान निवासी मौहम्मद सलमान पुत्र मौहम्मद नूर हसन का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है।

### जागरूकता रैली निकाली




**राजा का ताजपुर।** स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय प्रथम के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में उन्होंने नारे लगाए। रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस विद्यालय में पहुंची। रैली में प्रधान अध्यापक दयानन्द शास्त्री, प्रियंका चौहान, रोहित कुमार, रंजना देवल, पूनम देवी, तमन्ना बेबी आदि मौजूद रहे।

### नजीबाबाद में चार चोर अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना नजीबाबाद में मौहल्ला पठानपुरा निवासी अब्दुल गफ्फार पुत्र मौहम्मद महमूद ने पांच अप्रैल को तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान से लोहे की ग्रिल व चौखटें चोरी कर ली है। विवेचना के दौरान अभियोग में मौहल्ला रम्पुरा निवासी मौहम्मद तहरीम पुत्र मौहम्मद यासीन, अल्तमश पुत्र याकूब, अदनान व मौहम्मद अजमल पुत्रगण असलम का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने चारों चोरों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है।

### तेल टैंकर हटाने के निर्देश



**नजीबाबाद।** आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि रेलवे क्रॉसिंग संख्या 483 डबल फाटक पर बने फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी का एक पेट्रोल पंप काफी समय से स्थापित है। बीते काफी समय से उक्त पेट्रोल पंप के एक टैंकर को जमीन से निकलकर फ्लाई ओवर के नीचे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे रख दिया गया। जिस कारण आने जाने वालों को भयंकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में संबंधित विभाग लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने भी संबंधित तेल कंपनी के सेल्स ऑफिसर से बात की, जिस पर उन्होंने तीन दिन के अंदर उक्त टैंकर को हटाये जाने की बात कही थी। परंतु टैंकर नहीं हटाया गया। इस कारण कभी भी कोई घटना घट सकती है। दोपहिया वाहनों को भी निकालने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है यहां पर लगभग चार बैंक मौजूद है। मेरठ इकाई के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक रिटेल कृष्ण कुमार वरुण ने आरटीआई कार्यकर्ता को लिखित में बताया कि उक्त तेल टैंकर को हटाए जाने के दिशा निर्देश संबंधित को जारी कर दिए गए हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पूर्व विधायक सतीश गौतम को बड़ी जिम्मेदारी

## सहकार भारती के सह प्रदेश प्रमुख नियुक्त




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगीना के पूर्व विधायक सतीश गौतम को सहकार भारती उत्तर प्रदेश के औद्योगिक प्रकोष्ठ का सह प्रदेश प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वाराणसी (बनारस) में आयोजित सहकार भारती की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सतीश गौतम के नाम पर मुहर लगाई गई। संगठन के प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे ने इस नियुक्ति की औपचारिक घोषणा की। घोषणा के दौरान प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे ने कहा कि सतीश गौतम जैसे अनुभवी नेता के संगठन में पद पर सक्रिय होने से सहकार भारती को प्रदेश स्तर पर नई गति और मजबूती मिलेगी। उनके विधायकी अनुभव का लाभ औद्योगिक प्रकोष्ठ और सहकारी आंदोलनों को प्राप्त होगा।

अपनी इस नई जिम्मेदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक सतीश गौतम ने कहा कि संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करुंगा। सहकार भारती के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाना और औद्योगिक प्रकोष्ठ को सुदृढ़ करना मेरी प्राथमिकता होगी।

सतीश गौतम को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलने की सूचना मिलते ही नगीना और आस-पास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। इस मौके पर संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से अरविंद दुबे (संगठन प्रदेश महामंत्री), विश्वास विश्नोई, हरिश्चंद्र कश्यप, कुशल पाल सिंह, प्रभान सिंह थे। इसके अलावा संगठन के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# जामा मस्जिद में 11 अप्रैल से शुरू होगा हज प्रशिक्षण कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हज यात्रा 2026 की तैयारियों के मद्देनजर जामा मस्जिद में चार दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर (ट्रेनिंग कैंप) का आयोजन किया जाएगा। कैंप उन खुशनसीब जायरीन के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो इस वर्ष मुकद्दस सफर-ए-हज पर रवाना होने वाले हैं।

कैंप के आयोजक फहीम अनवर ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11, 12, 13 और 14 अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम रोजाना बाद नमाज ए इशा (इशाअ की नमाज के बाद) जामा मस्जिद के परिसर में शुरू होगा।

प्रशिक्षण शिविर में मशहूर आलिम मुफ्ती अबरार अहमद मुख्य प्रशिक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे। वे हज यात्रियों को हज के अरकान (नियम और कायदे), एहराम बांधने का सही तरीका, तवाफ और सई के मसनून तरीके, सफर के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी देंगे, ताकि हज के दौरान जायरीन को किसी प्रकार की दुश्वारी न हो। आयोजक फहीम अनवर ने विशेष रूप से बताया कि इस कैंप में महिलाओं की भागीदारी को देखते हुए पर्दे का माकूल इंतजाम किया गया है। महिला हज यात्री भी पूरे एहतमाम के साथ इस कैंप में शामिल होकर हज की बारीकियां सीख सकती हैं।

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार घायल



**अफजलगढ़।** देर शाम सुआवाला-हसनपुर मार्ग पर धामपुर से मां की दवाई लेकर लौट रहे बाइक सवार युवक की ई-रिक्शा से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम हर्रावाला निवासी 25 वर्षीय हेमराज सिंह पुत्र तेजपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार बिना हेलमेट के बाइक चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि बाइक सवार हेलमेट लगाए होता, तो स्थिति इतनी गंभीर न होती। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को तुरंत सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया। डा. मोहित कुमार व वरिष्ठ फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए हेमराज को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए और घायल को काशीपुर (उत्तराखंड) ले गए। फिलहाल युवक आईसीयू में भर्ती है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सेमिनार



**बिजनौर।** सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर धनवंतरी हेल्थ क्लब द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'स्वस्थ के लिए एकजुट-विज्ञान के साथ खड़े रहे' रहा। सेमिनार का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता को उजागर करना और बीमारियों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. अमित कुमार बंसल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कॉलेज के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों साथ-साथ फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बायोटेक्नोलॉजी विभाग की मिस्टर विपिन कुमार रहे, जिन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि इस वर्ष 2026 का थीम है 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहें।' आज के दौर में गलत जानकारियों के बीच, यह जरूरी है कि हम तथ्यों और विज्ञान पर भरोसा करें। स्वस्थ रहने के लिए हमें न केवल व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखना है, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर बीमारियों से लड़ना है। आइए, मिलकर एक स्वस्थ और जागरूक विश्व का निर्माण करें। कार्यक्रम के एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर मिस शिवानी रहीं। इस अवसर पर डीन एकेडमिक मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश अग्रवाल, डा. शुएब अली खान सहित समस्त विभागों के विभाग अध्यक्ष अंकित रंजन अग्रवाल, डा. अजय कुमार, विभोर राजवंशी, डा. शुभम कुमार, डा. मौहम्मद फैसल अंसारी, सुधीर कुमार, सुनील भारद्वाज, उज्ज्वल कुमार, नाइला नईम, प्रगति गर्ग, गजेंद्र, अफीफा सिद्दीकी, सुरभि ढाका, राशि सिंह, शुभम सैनी, गौरव कुमार, जोमवीर, निक्की पाल आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### गायत्री महायज्ञ का समापन



**हल्दौर।** चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आज वैदिक पूर्णाहुति कर समापन हो गया। यह आध्यात्मिक आयोजन गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार द्वारा संपन्न कराया गया। मौहल्ला चमनवाला में आयोजित महायज्ञ के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आत्मचिंतन करते हुए एक बुराई छोड़ने और एक अच्छाई अपनाने का संकल्प लिया। लोगों ने गुटखा, तंबाकू व मद्यपान जैसी कुरीतियों से दूरी बनाने, अहंकार व निंदा का त्याग करने का व्रत लिया। साथ ही नियमित रूप से प्राणायाम, ध्यान-योग करने, तुलसी पूजन कर सूर्य को अर्घ्य देने तथा घर-घर गायत्री यज्ञ और 16 संस्कारों को अपनाने का संकल्प भी दोहराया गया। महिलाओं ने रसोई की पहली रोटी गौमाता को समर्पित करने की परंपरा निभाने का प्रण लिया। कथावाचक डा. अशोक ने अपने उद्बोधन में कहा कि कथा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन की पीड़ा को हरने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि पूर्वकाल में बच्चों को परिवार के बुजुर्गों से प्रेरणादायक कथाएं सुनने को मिलती थीं, जिससे उनके भीतर श्रेष्ठ संस्कारों का विकास होता था। उन्होंने पावन प्रज्ञा पुराण को वर्तमान समय की जटिल समस्याओं का समाधान बताने वाला ग्रंथ बताते हुए इसे जीवन में उतारने का आह्वान किया। महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने गोला, सुपारी सहित विविध पूजन सामग्री के साथ आहुति अर्पित कर आध्यात्मिक एवं भौतिक उन्नति की कामना की। कार्यक्रम के अंत में कृष्णा देवी चौहान ने आभार व्यक्त किया, जबकि जिला समन्वयक इंद्रदेव शर्मा ने शांतिकुंज टोली का तिलक कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। इस मौके पर विभिन्न जनपदों से आए गायत्री परिवार के समन्वयकों ने भी अपने विचार रखे। डा. दीपक कुमार ने भारतीय संस्कृति को विश्व में सर्वोत्तम बताते हुए 'वसुधैव कुटुंबकम' एवं 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद, महर्षि दयानंद और भगिनी निवेदिता की तरह संस्कृति के संवाहक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की सफलता में कौशल चौहान, नीतू चौहान, रजनीश राजपूत, निधि राजपूत, नरेश सैनी, सोमेश्वर दत्त पंकज, अनीता यादव, श्रुतिकीर्ति, अंकित, शालू, शिवानी सहित गायत्री परिवार के अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### सेंट मैरी में इंग्लिश एलोक्यूशन



**बिजनौर।** सेंट मैरी स्कूल में विद्यार्थियों की भाषण कला एवं सांगीतिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु इंग्लिश एलोक्यूशन प्रतियोगिता तथा समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंग्लिश एलोक्यूशन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के लिए विषय 'The highest result of Education is Tolerance' रखा गया। जिसमें कुल 62 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं सीनियर वर्ग के लिए विषय "The challenges and opportunities of Artificial Intelligence" निर्धारित किया गया। जिसमें 22 विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपने विचारों को आत्मविश्वास एवं प्रभावी अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत किया। समूह गान प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने सामूहिक तालमेल, मधुर स्वर और भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सिस्टर एंजेल ने इस प्रकार की गतिविधियों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

### बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ाई



**नहटौर।** क्षेत्र में आज सुबह से हो रही हल्की बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटी हुई चना और गेहूं की फसलें खराब होने की आशंका से किसान परेशान हैं। इस समय चने और गेहूं की कटाई का काम जोरों पर है। कई किसानों की फसलें कटाकर खेतों में ही सूखने के लिए रखी हुई हैं। मौसम में अचानक आए इस बदलाव से कटी हुई फसलों में नमी आने और उनके सड़ने का डर पैदा हो गया है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश बढ़ती है, तो उनकी महीनों की मेहनत और पूंजी बर्बाद हो जाएगी। खेतों में चने की फसल काटकर ढेरियां बनाई गई हैं। आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की बारिश के कारण पूरी फसल खुले आसमान के नीचे भीग रही है। स्थानीय किसानों ने शासन-प्रशासन से खराब होती फसलों के आंकलन और उचित समाधान की उम्मीद जताई है। किसान सुरेश कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार, मनोज कुमार, रामनाथ सिंह, अंकित कुमार, अक्षय कुमार और सुभाष कुमार सहित अन्य किसानों का कहना है कि खेतों में फसलें कटी पड़ी हैं और बारिश में भीगने से वे खराब हो सकती हैं। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी सुभाष कुमार का कहना है कि किसान बारिश रूकने के बाद कटी हुई फसल को पलटा लगा दे।

### रात के अंधेरे में मजार तोड़ा



**बिजनौर।** बैराज मार्ग के किनारे पर स्थित मजार को आज रात जेसीबी से तोड़ दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि यह मजार सरकारी जमीन पर बना हुआ था।

### खारी में रोड जाम

**बिजनौर।** बिजनौर-झालू मार्ग पर खारी ग्राम के समीप एक कार विद्युत खम्भे से टकरा गई। जिसकी वजह से तार नीचे गिर गया। तार में करंट होने की वजह से यातायात रोक दिया गया। काफी देर तक मार्ग पूरी तरह से बंद रहा। बाद में छोटी कारों को साइड से निकाला गया। समाचार लिखे जाने तक मार्ग पर भारी वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई थी।

### कालूवाला में मार्ग पर जलभराव से रोष

**नगीना।** विकास खंड कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कालूवाला में मुख्य मार्ग पर हो रहे जलभराव को लेकर ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। आज दर्जनों ग्रामीणों ने तहसीलदार अमरपाल सिंह को एक हस्ताक्षरित मांग पत्र सौंपकर समस्या के जल्द समाधान की गुहार लगाई। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर के चारों ओर कृषि योग्य (काश्त) भूमि है। कुछ स्थानों पर पानी की निकासी में बाधा उत्पन्न होने के कारण मंदिर के मुख्य मार्ग पर हमेशा पानी भरा रहता है। इससे श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# नगीना बार चुनाव: दीपक विश्नोई और टीकम सिंह के बीच प्रतिष्ठा की जंग

## 322 अधिवक्ता आज चुनेंगे अपनी नई कार्यकारिणी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगीना बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2026 का बिगुल बज चुका है। इस बार का चुनाव बेहद दिलचस्प मोड़ पर है, जहां दो पूर्व अध्यक्षों दीपक विश्नोई और टीकम सिंह के बीच सीधा और कांटेदार मुकाबला देखने को मिल रहा है। एल्डर कमेटी की देखरेख में कल (आज) नौ अप्रैल को सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी।

नगीना बार एसोसिएशन की परंपरा के अनुसार चुनाव अध्यक्ष पद के पैनल के आधार पर लड़ा जा रहा है। दोनों दिग्गजों ने अपनी-अपनी टीम के साथ मैदान में ताल ठोंकी है। दीपक विश्नोई पैनल में अध्यक्ष पद हेतु दीपक विश्नोई (पूर्व अध्यक्ष 2024) मैदान में हैं। उनके पैनल से महासचिव पद के लिए नवेद इकराम और कोषाध्यक्ष पद के लिए नरगिस जहां अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस पैनल को निवर्तमान अध्यक्ष अशोक त्यागी, वरिष्ठ अधिवक्ता मौहम्मद आरिफ खान, फरीद खां आजाद और जहीर खान जैसे दिग्गजों का समर्थन प्राप्त है। टीकम सिंह पैनल में वरिष्ठ अधिवक्ता टीकम सिंह (पूर्व अध्यक्ष 1996) अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे हैं।

इनके पैनल से महासचिव पद के लिए मौहम्मद नईम (चंदनवाला) और कोषाध्यक्ष पद हेतु रितु चौधरी मैदान में हैं। इस पैनल की कमान भी सिविल कोर्ट के कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने संभाल रखी है।

एल्डर कमेटी से जय किशन शर्मा ने बताया कि चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कुल 322 मतदाता अधिवक्ता सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान करेंगे और मतगणना दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगी। जिसके परिणाम नौ अप्रैल की देर शाम तक और विजयी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

जहां दीपक विश्नोई हाल ही में (2024) अध्यक्ष रह चुके हैं और युवाओं के बीच पैठ रखते हैं। वहीं टीकम सिंह का अनुभव (अध्यक्ष 1996) और वरिष्ठता उन्हें मजबूत दावेदार बना रही है। आज शाम तक यह साफ हो जाएगा कि नगीना बार एसोसिएशन की कमान अगले एक साल के लिए किसके हाथों में होगी।

# भाकियू का धरना दूसरे दिन भी जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** लोक निर्माण विभाग डाक बंगले पर भाकियू (टिकैत) जिलाध्यक्ष के आदेश पर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान के नेतृत्व में धरना दूसरे दिन भी जारी रहा।



वक्ताओं ने कहा कि यह धरना वन विभाग व पुलिस विभाग की हठधर्मिता के खिलाफ जारी है। धरना अनिश्चित कालीन तक जारी रहेगा। वक्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को जोर-शोर से उठाया एवं संबंधित विभागों के खिलाफ रोष व्यक्त किया। किसानों ने बताया कि यदि प्रशासन समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करेगा, तो शांतिपूर्वक चल रहा धरना आंदोलन में बदल जाएगा। यदि धरना स्थल पर मौजूद किसानों, मजदूरों या भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं को किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा नुकसान पहुंचाया गया, तो उसकी जिम्मेदारी पुलिस व प्रशासन की होगी।

इस मौके पर धरना स्थल पर मौजूद भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के कार्यकर्ताओं रमेश शेखावत, मुख्तियार सिंह, अशोक कुमार, जोगिंदर पाल, रमेश सिंह, मास्टर जोगिंदर पाल सिंह, अनीस अहमद, दीपक सिरोही, गोपाल सिंह, जसवीर सिंह, मौहम्मद अशरफ, आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ग्राम झलरा में क्रॉसिंग की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह के नेतृत्व में ग्राम झलरा के सैकड़ों ग्रामीणों ने नजीबाबाद-बिजनौर हाईवे पर क्रॉसिंग निर्माण की मांग को लेकर जोरदारद प्रदर्शन कर डीएम ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि नजीबाबाद-बिजनौर हाईवे का निर्माण पीएनसी कंपनी द्वारा कराया जा रहा है, जो अब लगभग पूर्ण हो चुका है। सड़क निर्माण शुरू होने से पहले ही ग्रामीणों ने गांव के सामने अंडरपास या क्रॉसिंग बनाए जाने की मांग की थी। उस समय कंपनी के अधिकारियों ने क्रॉसिंग देने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब न तो अंडरपास बनाया गया और न ही क्रॉसिंग दी गई। आरोप है कि सात अप्रैल की रात करीब 11 बजे बिना किसी पूर्व सूचना के कंपनी कर्मचारियों द्वारा पहले से बनी क्रॉसिंग को बंद किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, जिस पर मजदूरों ने काम रोक दिया और कहा कि उच्चाधिकारियों के आदेश के बिना कार्य नहीं होगा। ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग नगीना हाईवे से शुरू होकर नजीबाबाद हाईवे को क्रॉस करते हुए हरिद्वार हाईवे को जोड़ता है, जिससे लगभग 40 गांव जुड़े हुए हैं। यह रास्ता किसानों के लिए फसल लाने-ले जाने का मुख्य मार्ग है। यदि यहां क्रॉसिंग नहीं बनाई गई, तो करीब दो लाख लोग प्रभावित होंगे और आने वाले समय में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र की समस्या को देखते हुए कंपनी को तत्काल ग्राम झलरा के सामने क्रोसिंग निर्माण के आदेश दिए जाएं।

ज्ञापन देने वालों में रूपेश चौधरी, दयाराम सिंह, नवेंद्र राठी, शाहिद, जाहिद, अलीम, मुकीम, अर्जुन, दिनेश कुमार, कृष्णा, राजू, नदीम अहमद, विरेंद्र सिंह, इकबाल, मुशीर, लियाकत, इंतजार, नफीस अहमद, मोमीन, मकसद, शकील, अतिक, रईस, वीरेंद्र कुमार, शमशाद, असलम, अरशद, इमरान, अकबर, सतीश कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### वीएचएनडी कैंप

**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र के कस्बा रेहड़ में वीएचएनडी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 21 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। साप्ताहिक कैंप शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक पंचायत में आयोजित किए जा रहे हैं।

**न्यायालय सिविल जज जू.डि., नगीना**
**वाद संख्या 16/2026**

1- मौ. शहजाद पुत्र रईस अहमद, 2- नसीम अहमद पुत्र श्री अ. रसीद निवासीगण ग्राम सीरबासुचन्द, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर --**वादीगण**

**बनाम**

1. जाकिर, 2. शाकिर 3. साबिर, 4. जाफर पुत्रगण अमीर हुसैन, 5. हारिश, 6. तलहा पुत्रगण जाकिर, 7. हम्माद पुत्र शाकिर, 8. अमीर हुसैन पुत्र अ. रहीम निवासीगण ग्राम सीरबासुचन्द, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर - **प्रतिवादीगण**

प्रार्थना पत्र आदेश 1 नियम 8 सी.पी.सी. के अन्तर्गत

चूंकि उपरी नामांकित वादीगण ने इस न्यायालय में एक वाद आदेश 1 नियम 8 सी.पी.सी. के अन्तर्गत आराजी खसरा नं. 9 रकबई 0.0510 है. वाके ग्राम सीरबासुचन्द, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर में स्थित है। उक्त आराजी कागजात माल फर्द खतौनी खसरे आदि में जोहडी दर्ज है और दर्ज चली आ रही है। उक्त आराजी सार्वजनिक है और सार्वजनिक उपयोग की भूमि है किसी की व्यक्तिगत नहीं है। उक्त आराजी जोहडी तालाब है, जो ग्राम वासी प्रयोग करते है और प्रयोग होती चली आ रही है, और प्रयोग हो रही है। उक्त जोहडी में से गारा मिट्टी ग्रामवासी निकालते है और पशु पानी पीते है, और सार्वजनिक रूप से प्रयोग करते चले आ रहे है और कर रहे है। उक्त आराजी से प्रतिवादीगण का व्यक्तिगत रूप से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं है और न रहा है, प्रतिवादीगण की कोई मिलकियत नहीं है न रही है। उक्त जोहडी से सभी ग्रामवासियों का व वादीगण का ताल्लुक वास्ता है तथा वादीगण का हित निहित है और वादीगण भी उक्त जोहडी को प्रयोग करते चले आ रहे है। प्रतिवादीगण की आराजी उक्त आराजी जोहडी से मिली हुई है। सभी ग्रामवासियों को पक्षकार मुकदमा बनाया जाना संभव नहीं है। इस कारण वाद आदेश 1 नियम 8 सीपीसी के अन्तर्गत दायर किया गया है। जिसमें सभी ग्रामवासियों का हित निहित है। जिसमें सभी ग्रामवासियों को फरीक मुकदमा बनाया जाना सम्भव नहीं है। उपरोक्त वाद में जो भी ग्रामवासी फरीक मुकदमा बनना चाहता है वह माननीय न्यायालय में दिनांक 16.04.2026 तक उपस्थित होकर बकालतन व अदालतन अपना प्रार्थना पत्र गुजार सकता है।

अतएवं इस इस्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति को वाद उपरोक्त में पक्षकार बनना हो वह दिनांक 16-04-2026 तक प्रात: 10 बजे तक अदालत हाजिर होकर अदालतन या बकालतनामा पेश करे। नियत दिनांक के उपरान्त कोई उजर ना सुना जायेगा और हुक्म मुनासिब सादिर होगा।

**नियत दिनांक:-16-04-2026**
**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना, बिजनौर**

**अदालती सूचना**
**आदेशानुसार श्री अंशुमन धुन्ना सिविल जज (सी.डि.) बिजनौर**
**मूल प्रकीर्ण वाद ओएम 93/2026**
**श्रीमती संतोष देवी बनाम अनामिका आदि**

श्रीमती संतोष देवी पत्नी स्व. संजीव कुमार निवासी ग्राम रशीदपुर गढ़ी, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर। -**वादनी**

**बनाम**

1. अनामिका, 2. हिमांशु कुमार, 3. हर्षित डोडवाल पुत्री एवं पुत्रगण स्व. संजीव कुमार निवासीगण ग्राम रशीदपुर गढ़ी, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर।

दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती संतोष देवी वास्ते हुसूल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा श्रीमती संतोष देवी मुसवफा स्व. संजीव कुमार अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है। ई. तारीख 17.04.2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया। किसी को निस्वत दरख्वास्त के उज्र हो तो या अदालत या वकालतन वक्त दस बजे सुबह अदालत मुकाम में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन किसी का सुनाने और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**नियत दिनांक:-17.04.2026**
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**(सी.डि.) बिजनौर उ.प्र.**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने छोटे पुत्र आमिर शादाब को कई माह पूर्व उसके परिवार के साथ स्वयं से अलग कर दिया था। जो अपने बच्चों को लेकर मुम्बई चला गया था। वह मुम्बई रहकर कार्य करता है। पूर्व में ही जिससे मैंने व मेरे अन्य बच्चों सहित पूरे परिवार ने उसकी गलत संगतों के चलते और लोगों से उधार रुपए मांगने के चलते उससे मतलब-वास्ता खत्म कर दिया था। मैं अपने पुत्र आमिर शादाब को उसकी गलत संगत के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। यदि वह गलत कार्य या रुपए उधार लेता है, तो उसका उत्तरदायी स्वयं होगा। -**इफ्तखार मोहम्मद पुत्र स्व. मुंशी मो. याकूब, मौहल्ला काजी सराय, शेरकोट (बिजनौर)**

# हज यात्रा सकुशल बनाने को मिलकर करें काम: हाफिज एजाज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** यूपी हज कमेटी के मेम्बर ने हज ट्रैनरों के साथ बैठक की और हज यात्रा सकुशल बनाने के लिए मिलकर काम करने पर ज़ोर दिया।

बुधवार को हज कमेटी के सदस्य हाफिज ऐजाज अहमद ने जिला सम्भल का दौरा किया। इस दौरान उन्होने शहर सम्भल के मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, में हज ट्रेनर्स के साथ मीटिंग की। बैठक में हाफिज ऐजाज ने सभी ट्रेनर्स से बातचीत करते हुए कहा कि सभी लोग अपने स्तर पर काम करें और पूरी ईमानदारी के साथ अपना कर्तव्य निभाएँ। मरकजी मदरसा में हज सेन्टर की व्यवस्था देखकर खुशी का इजहार करते हुए इतनी अच्छी व्यवस्था नहीं देखी, क्योंकि यहाँ सभी हज यात्रियों का रिकॉर्ड रखा हुआ है, उनकी सभी जरूरतों के लिए यहाँ हर वक्त लोग मौजूद हैं, यहाँ सभी व्यवस्थाएँ देख कर मन बहुत प्रसन्न हुआ। उन्होने कहा कि अगर किसी को कोई समस्या आती है तो जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार के द्वारा अथवा सीधे उन्हे संदेश भेज सकते है। जिससे उनकी समस्या का निस्तारण किया जा सके। उन्होने कहा कि सभी ट्रेनर अपना काम शत-प्रतिशत अंजाम दे रहे है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि कभी भी कोई परेशानी आए तो आप जब भी आएँगे आपकी समस्या का हल किया जाएगा। हज ट्रेनर हाजी नदीम ने कुछ समस्याओं से अवगत कराया जिसको अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने अपने पास दर्ज कर जल्दी ही निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक, तकी अशरफ एडवोकेट, मुहम्मद अहमद रजा, उम्मे हबीबा, मुफ्ती आलम नूरी, कारी शाहिद आदि मौजूद रहे।

**० हज कमेटी सदस्य ने मदरसा अजमलउलूम में हज ट्रैनरों के साथ की बैठक**



सम्भल। मदरसा अजमल उलूम में हज कमेटी के सदस्य का स्वागत सम्मान करते।

# गेहूं की फसल पानी में सूख भी नहीं पाई कि फिर पड़े ओले

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** बुधवार को क्षेत्र में बारिश के साथ ओले पड़े। जबकि मंगलवार को हुई बारिश और चली आंधी ने एक बार फिर से किसानों को झकझोर कर रख दिया। बुधवार को बारिश व ओले से खेतों में खड़ी और जमीन पर कटी पड़ी फसल फिर से भीग गई। अब तो हालात यह हैं कि किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखने लगी हैं।

क्षेत्र में मंगलवार रात को हुई बारिश की मार किसानों पर पड़ी है। यहां पर खेतों में फसल की कटाई कर रहे किसानों ने कटाई का काम छोड़कर घर की सुध ली। गांव नरऊ में कई खेतों में बारिश का पानी भरा दिखाई दिया। इसके कारण लोगों को बीच में ही कटाई छोड़नी पड़ी। अब बुधवार को बारिश व ओले पड़ गये। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश से फसल में काफी नुकसान दिखाई दे रहा है और फसल भी देरी से घर आ पाएगी। किसानों का कहना है कि बारिश के चलते फसल कंबाइन मशीन से भी नहीं कट पा रही है और भीगी फसल को मजदूर भी नहीं काट पा रहे हैं। कटाई के दौरान फसल के साथ गीली मिट्टी उखड़ती है। कटी फसल अब तो गलने लगी है और दीमक भी लग गई है। मजदूरी ज्यादा लग रही है और गेहूं का दाना काला पड़ रहा है। जबकि बारिश से नवम्बर माह में होने वाला गुलाबी सर्द मौसम बन गया। दो पहिया वाहन ठंडक में चलाना दूभर हो रहा है। रात में कुछ न कुछ गर्म वस्त्र पहनकर ही वाहन चलाया जा रहा है।

**०मंगलवार की रात भी पड़ी थी किसानों पर बारिश की मार, कटी फसल गलने लगी, भीगी फसल कटाई के दौरान उखड़ रही है मिट्टी**

# बढ़े बिल को स्मार्ट मीटर नहीं उपभोक्ता स्वयं भी जिम्मेदार

**०एसी फ्रीज चालू रहते नहीं करें समरसेबल और प्रेस का उपयोग**
**०एक साथ कई उपकरणों के प्रयोग से बढ़ जाता है लोड**
**०स्मार्ट मीटर से नहीं बढ़ रहा है बिल**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** स्मार्ट और प्रीपेड बिजली मीटर लगते ही कम आने वाले घरों के बिजली का बिल हज़ारों में आने लगा है। जिससे उपभोक्ताओं में होहाकार मचा हुआ है। स्मार्ट मीटर को कोसते रहने और इसे तत्काल बंद करने की मांग तेज होती जा रही है लेकिन बढ़े बिल के लिए स्मार्ट मीटर नहीं बल्कि जागरूकता न होने और एकसाथ कई-कई उपकरण चलाने से उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार है।

दर असल बिजली चोरी रोकने और राजस्व अधिक से अधिक बढ़ाने के लिए सरकार प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना लायी। शुरूआत में युद्व स्तर पर उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर को लगा दिया गया। स्मार्ट मीटर लगते ही पूर्व में उपभोक्ताओं के आने वाले बिल में दो तीन नहीं बल्कि कई गुना बिलों में बढ़ोत्तरी हो गयी। स्मार्ट मीटर के बाद से ही हज़ारों में आ रहे बिल पर उपभोक्ताओं में हाहाकार मचने लगा। इसके खिलाफ उपभोक्ताओं की आवाजें उठने लगी और स्मार्ट मीटर को तत्काल हटाये जाने की मांग भी तेज हो गयी। हालांकि केन्द्र सरकार की ओर से हाल में एक गजट जारी किया जाना बताया जा रहा है जिसमें जबरन नहीं बल्कि उपभोक्ता की इच्छा पर ही स्मार्ट मीटर लगाया जाने के आदेश दिए जाना बताया जा रहा है। लेकिन इसी के साथ स्मार्ट मीटर बढ़े बिल के लिए दोषी है अथवा उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार है। इसे लेकर नवागत एक्सइएन रघुनाथ तित्तल के अनुसार स्मार्ट मीटर से बिल नहीं बढ़ रहा है। उन्होने बताया कि घरों में बिजली का उपयोग किये जाते समय लोड का कोई ख्याल नहीं रखा जाता। उदाहरण के तौर पर घर में पंखे और फ्रीज तो चल ही रहा है। इसी के साथ समरसेबल चालू कर दिया जाता है जबकि आधा एक घंटा प्रेस भी कपड़ों पर की जाने लगती है। एक साथ कई -कई बिजली उपकरणों के प्रयोग करने से मीटर लोड पकड़ लेता है। जिस उपभोक्ता का पहले एक किलोवाट का लोड था उसका बिल दौ सौ, तीन सौ आता था। लेकिन प्रेस-फ्रीज और समरसेबल व प्रेस एक साथ चार-चार लोड बढ़ाने वाले उपकरणों के प्रयोग स्मार्ट से छुपा नहीं रहता और इसी के हिसाब से बिल आता है। एक्सइएन ने बताया कि यदि घरों में हिसाब से बिजली उपकरणों का उपयोग किया जायेगा तो नहीं लोड बढ़ेगा और न ही बिल अधिक आयेगा। उन्होने कहा कि प्रेस हो या समरसेबल या फिर ए सी का प्रयोग करते बाकी चीजों को बंद कर दिया जाये। इससे उपभोक्ताआ का बिला अपने आप ही सही आयेगा।

## मोबाइल की तरह उपयोग करने से नहीं आयेगी समस्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कहावत है जितना गुड़ डालोगो उतना ही मीठा होगा। अर्थात मोबाइल का उपयोग करने वाले धारक जिनता पैसा देते हैं उसे उतनी ही जीबी इंटरनेट डाटा मिलता है। अब उसे एक दिन में खर्च कर लो अथवा पूरे महीने चला ला। मोबाइल धारक के हाथ में होता है। ठीक उसी तरह स्मार्ट मीटर प्रीपेड का भी यही सिस्टम है। एक माह के लिए रिचार्ज कराया ओर बिजली दो दिन में ही खर्च कर ली तो डाटा स्वयं बेद हो जाता है। वैसे ही स्मार्ट मीटर का रिचार्ज खत्म होते ही बिजली गुल हो जाती है।

# भूमि, गाय और पर्यावरण समन्वय से समृद्धि की ओर बढ़ता कदम

**०भूमि, गाय और पर्यावरण के बीच समन्वय पर चर्चा**

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** महत्वपूर्ण कार्यशाला में भूमि, गाय और पर्यावरण के बीच पारस्परिक संबंधों पर गहन चर्चा की गई। जबकि परिचर्चा के मुख्य उद्देश्य समझाकर बताया कि तीनों तत्व एक-दूसरे के पूरक बनकर कैसे समग्र विकास और सतत समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

कार्यशाला में वन विभाग, कृषि विभाग, गौपालन विभाग, सिंचाई विभाग तथा कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के साथ-साथ विद्यार्थी, किसान, गौशाला संचालक, प्रबंधक और दानदाता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस बात पर विचार-विमर्श किया कि इन सभी वर्गों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर वांछित परिणाम कैसे प्राप्त किए जा सकते हैं। चर्चा के दौरान बताया गया कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि पर्यावरण और खेती की महत्वपूर्ण कड़ी है। गाय के गोबर और गोमूत्र से बनने वाले विभिन्न उत्पाद न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि यदि इन उत्पादों का सही तरीके से विपणन किया जाए, तो गौशालाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और समाज में गाय की उपयोगिता और अधिक बढ़ेगी। गौशालाओं के सुचारू संचालन, गायों के स्वास्थ्य सुधार, तथा भूमि और पर्यावरण के संतुलित पोषण पर भी विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक इन तीनों/भूमि, गाय और पर्यावरण के बीच समन्वय नहीं होगा, तब तक अपेक्षित सकारात्मक परिणाम संभव नहीं हैं। इस अवसर पर प्रसिद्व वक्ता राकेश निहाल को जिला कलेक्टर द्वारा विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने प्रेरक व्याख्यान में इन तीनों तत्वों के महत्व को सरल और प्रभावी तरीके से पेश किया। कार्यशाला का समापन सभी विभाग, संस्थाएं और समाज के विभिन्न वर्ग मिलकर एक समन्वित प्रयास करेंगे, जिससे न केवल गायों की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और कृषि विकास को भी नई दिशा मिलेगी का संकल्प लिया गया। कार्यशाला एक सकारात्मक संदेश देकर गई। जब प्रकृति, पशु और मानव एक साथ मिलकर काम करते हैं, तभी सच्चे विकास की नींव रखी जा सकती है।

## स्कूली वाहनों की निगरानी पोर्टल और व्हाटसएप से होगी सुरक्षा मजबूत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** अब स्कूली वाहनों की निगरानी को और मजबूत बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू की जा रही है, जिसके तहत वाहनों की मॉनिटरिंग पोर्टल और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जानकारी के अनुसार, इस व्यवस्था में संबंधित अधिकारियों, स्कूल प्रबंधन और परिवहन विभाग को जोड़कर रियल-टाइम जानकारी साझा की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इस कदम से स्कूली वाहनों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सकेगी और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशासन का कहना है कि जल्द ही इस व्यवस्था को पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा।

# वाहन लूटकर पिता-पुत्र की गला दबाकर की थी हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** किराये पर बुक कराकर ले गए बुलेरो स्वामी पिता-पुत्र की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके कब्ज़े से एक तमंचा वा जिंदा ओर नाल मं फंसा कारतूस बरामद किया हैं दो हत्यारोपी अभी फरार है। हत्या वाहन लूटने के इरादे से योना बनाकर की गई थी।

धनारी थाना क्षेत्र के ग्राम मलुआ घेर निवासी नरेश पुत्र विशम्बर तथा उसके पुत्र भीमसैन 19 वर्ष को 02 अप्रेल की सांय सात बजे मेरठ से लेवर लाने के लिए अज्ञात व्यक्ति बुलेरो पिकअप को बुक करके ले गए थे। पिता-पुत्र की अपने भाई से रात्रि 10:15 बजे आखिरी बार बात हुई। उसके बाद से दोनों के मोबाईल बंद मिले। जबकि सुबह से उनके मोबाईल स्विच ऑफ बताया जाता रहा। मृतकों द्वारा आखिरी बार दी गई लोकेशन पर परिजनों और रिश्तेदारों ने पहुंचकर मेरठ टोल प्लाजा और रास्तों पर तलाश की लेकिन कोर्ठ जानकारी नहीं मिल सकी। न ही पिता-पुत्र का कुछ पता चल सका। इसकी सूचना थाना धनारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने तत्काल



गुमशुदगी दर्ज कर थाने की टीम को सम्भावित स्थानों पर तलाश की गई मगर कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने मुकदमे को तरमीम कर लिया और सर्विलांस के सहयोग से विवेचना कार्यवाही करते हुए आसपास के जनपदों में तलाश गश्ती की। पुलिस को 7 अप्रैल को कोतवाली शामली जनपद शामली क्षेत्र के काबड़ौत के खेतो में दो अज्ञात व्यक्तियों के शव मिले। इसकी सूचना परिजनों को दी गई। परिजनों ने भीमसैन और नरेश के शवों की पहचान कर ली। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुट गई। जांच में जुटी पुलिस को घटना स्थल से मिले साक्ष्य और सर्विलांस की मदद से हत्या में शामिल एक हत्यारोपी मनोज पुत्र महावीर निवासी चिंजरी थाना मूसाझाग जिला बदायूँ का नाम प्रकाश में आते ही उसकी धर पकड़ को सम्भावित ठिकनों पर दबिशें देनी शुरू कर दी। पुलिस के प्रयासों से हत्यारोपी मनोज को धर दबौचने में सफलता हाथ लग गई। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार ने खुलासा करते हुए बताया कि पकड़ा गया मनोज और फरार उसके दो साथी अरविंद पुत्र जागेन्द्र तथा संतोष पुत्र जोगेन्द्र निवासी ग्राम रझेड़ा सलेमपुर थाना कैलादेवी के साथ मिलकर 02 प्रैल को वाहन लूटने के उददेश्य से योजना बनायी थी। हत्यारोपी मृतकों भीमसैन और नरेश की गाड़ी भाड़े पर ले गए थे। उनकी गला दबाकर हत्या कर दी थी और शवों को शामली क्षेत्र में खेतो में छिपाकर बुलेरो पिकअप वाहन यू पी 38 बी टी 1551 को लूटकर फरार हो गए थे। लूटा गया वाहन फरार हत्यारोपियों के कब्जे में है। हत्या का खुलासा और हत्यारोपी को धर दबौचने में थानाध्यक्ष संजय कुमार, उपनिरीक्षक रामवीरेश सिंह, उपनिरीक्षक सदाकत अली, उप निरीक्षक संजय सिंह, कां. लुकमान चौधरी, कां. कादिर चौधरी, कां. सुधीर कुमार, कां. पंकज मलिक और स्वाट व सर्विलांस टीम शामिल रही।

# मरम्मत के कारण 16 अप्रैल तक अनूपशहर पुल पर आवागमन बंद

**०अनूपशहर से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों का रूट किया डायवर्ट**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अनूपशहर पुल पर मरम्मत कार्य शुरू होने के कारण 16 अप्रैल 2026 तक पुल पूरी तरह बंद रहेगा। प्रशासन द्वारा इस अवधि में सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है, जिससे आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

पुल बंद होने के चलते अनूपशहर से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। अब यातायात नरौरा एवं नरौरा पुल के मार्ग से होकर गुजरेगा। पुलिस एवं प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें। प्रशासन के अनुसार पुल की सुरक्षा और मजबूती सुनिश्चित करने के लिए यह कदम आवश्यक है। लोगों से अनुरोध किया गया है कि यात्र से पूर्व मार्ग की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, जिससे किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके। अब मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। पुल की मरम्मत कार्य पूरा होने पर क्षेत्र की जनता को बड़ा लाभ मिलेगा और भविष्य में सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित हो पायेगा।

## ग्राम बस्ती चले सम्पर्क अभियान में भाजपा की नीतियों की दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम बस्ती चलो संपर्क अभियान के अंतर्गत गुन्नौर के वार्ड नंबर 11 मोहल्ला अस्पताल में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नेतृत्व में लोगों से जनसंपर्क किया गया।

जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव ने बस्ती संपर्क अभियान के दौरान लोगों को भाजपा की नीतियों से अवगत कराया। लोगों को पत्रक भी वितरित किये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सबका साथ सबका विकास किया जा रहा है। सरकार तीव्रगति से विकास कार्य करा रही है।सभी को समान रूप से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष गुन्नौर इन्दीवर सिंह, जयदेव आर्य, राहुल कुमार आदि रहे।

# तीसरे दिन मिली गंगा में डूबे युवक की लाश

**०अनूपशहर से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों का रूट किया डायवर्ट**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** राजघाट गंगा में युवक डूब गया था। उसका तीसरे दिन शव मिला। उसकी एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही थी। राजघाट गंगा में सोमवार को स्नान के दौरान युवक डूब गया था। मंगलवार सुबह से एनडीआरएफ की टीम ने युवक की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था। लेकिन शव नहीं मिला। बुधवार को शव मिला। विदित हो कि तहसील गुन्नौर के थाना बबराला क्षेत्र स्थित राजघाट गंगा पर थाना धनारी क्षेत्र के गांव सुल्तानगढ़ की करेला की मढैया निवासी सोमवीर पुत्र मोहनलाल अपने छोटे भाई जितेंद्र और गांव भवनपुरी निवासी बहनोई उमेश के साथ सोमवार दोपहर करीब 11 बजे गंगा स्नान के लिए गया था। वह स्नान के दौरान डूब गया था। उसको काफी तलाश किया गया। परिजन काफी परेशान रहे। पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम के साथ खोज शुरू कर दी थी। बुधवार को उसका शव मिल गया। शव मिलते ही परिजनों में भी कोहराम मच गया।

## मच्छर कर रहे नींद हराम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जैसे-जैसे मौसम का रूख बदलता जा रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की।

मौसम में आए भारी परिर्वतन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च कर गुडनाईट की स्लाईड, कछुआ छाप, मोरटीन सहित हजारो तरह की मच्छर मार दवाईयो का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण ऐसे उत्पादन बनाने वालो की चॉदी कटने लगी है साथ ही इन उत्पादों की मांग भी एकदम से बढ़ने लगी है। महंगाई के इस दौर में अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है वहीं इन दवाईयो का मच्छरो पर लगभग कम ही असर हो रहा है।

# कोर्स के मनमाने दामों से अभिभावक परेशान

**एनसीईआरटी की दो बाकी ऊंचे दामों वाली किताबे कोर्स में शामिल**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रवेश लेने में निजी स्कूलों की मनमानी फीस,किताबें और ड्रेस से अभिभावक परेशान हैं। उन्हें अपने बच्चों को प्रवेश कराना टेडी खीर साबित हो रहा है। अभिभावकों ने इस पर अंकुश की मांग की है। जिससे उनका शोषण रुक सके।

नाम न छापने की शर्त पर दुकानों पर कोर्स लेने के खड़े अभिभावकों ने कहा कि निजी स्कूल मनमानी फीस वसूल रहे हैं। प्रशासन सख्ती करता है लेकिन स्कूल संचालकों की मनमानी फिर भी नहीं रूक रही हैं जिला प्रशासन के साफ आदेश कि एनसीईआरटी की ही पुस्तकों को स्कूलो में लगाया जाये। स्कूल संचालकों ने इसका तोड़ निकाल लिया है। कोर्स में दो किताबे एनसीईआरटी की शामिल की गयी हैं जबकि बाकी कोर्स मेंहगे प्रकाशकों का लगाया गया है। इनमें किताबों की कीमते देखी जायें तो कक्षा छह से आठ तक के बच्चों को जो किताबें दी गई हैं उनकी कीमत तौन सौ से चार सौ पचास तक की बतायी जा रही है। इसके अलावा फीस नियामक समिति की अनुमति लिये बिना स्कूलों में फीस की भी बढ़ोत्तरी की जा रही है। जबकि फीस को स्कूलों को वेबसाइट व बोर्ड पर दर्शाने की अनिवार्यता की जाये। इसके अलावा तीन साल में बदला जाने वाला कोर्स भी हर साल बदला जा रहा है।

# संगोष्ठी में छात्राओं को स्वालम्बी बनाने को किया जागरूक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** एम.जी.एम.पी.जी. कॉलेज सम्भल में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत छात्राओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाये जाने हेतु वित्तीय साक्षरता के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें डा. अर्चना बंसल ने छात्राओं को स्वावलंबी बनाने हेतु कई वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी व उनको कई ऐसी योजनाएं बतायीं जो कि वे घर पर रहकर भी कर सकती है। और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकती हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप घर पर मिर्च मसाले व अचार और कचरी पापड़ इत्यादि भी बनाकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं व सिलाई इत्यादि करके भी अच्छा कमा सकती हैं। उन्होने छात्राओं को अधिक से अधिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब आप पढ़ी लिखी होगी तभी आप किसी भी कार्य को अच्छे से कर सकती हैं व व्यापार/व्यवसाय भी भली प्रकार से सम्भाल सकती हैं। इस कार्यक्रम में 40 छात्राओं के साथ डा. प्रीति सिंह उपस्थित रहीं। संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डा. रितु भटनागर ने किया।



सम्भल-एमजीएम पीजी कॉलेज में छात्राओं को जागरूक करती शिक्षिका।

# सरपट बैखौफ दौड़ रहे डग्गामार वाहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के चारों मार्गों पर हो रही डग्गामारी से राजस्व के साथ वैध परमिट के साथ संचालन कर रहे निजि बस संचालकों को भी भारी क्षति उठानी पड़ रही है।

शहर से जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर डग्गामार वाहनों का कब्ज़ा है। जिससे न केवल सरकार को हानि हो रही है,बल्कि परिवहन विभाग की अनुमति से संचालित हो रहे निजि वाहन संचालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करने के साथ हानि उठानी पड़ रही है। इसे लेकर निजि बस संचालक कई बार विरोध कर चुके हैं,लेकिन डग्गामार संचालकों के हाथ इतने मज़बूत हो गए हैं कि पुलिस हो या प्रशासन या फिर सम्भागीय परिवहन विभाग इन पर हाथ डालने से कतरा रहे हैं। सम्भल-चन्दौसी व सम्भल बहजोई मार्ग पर अवैध तरीके से छोटे एवं बड़े डग्गामार वाहनों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। अरटीओ और पुलिस की निगाह के सामने वाहनों का संचालन हो रहा है,लेकिन इन्हे देखकर आंखे मूंदी जा रही हैं। ",लेकिन इन्हे देखकर आंखे मूंदी जा रही हैं। जबकि यह डग्गामार वाहन जबरन सवारियों को अपने वाहन में बैठाकर राजस्व का नुकसान कर रहे है और अपना गोरख धंधा मजे में चला रहे है। यह खेल सम्भल में ही नहीं,बल्कि जनपद के दूसरे शहरों में भी फल-फूल रहा है।

# सुबह सवेरे टीम ने की बिजली चोरी की जांच

**०बिल का भुगतान करने पर बिजली का उपयोग कैसे की गई जांच**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बिजली विभागीय अधिकारियों व विजिलेंस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नगर के मौहल्ले में छापा मारा। बिल जमा न होने से कनैक्शन बंद होने पर बिजली उपयोग करने की टीम ने जांच की। इस दौरान दो घरों में चोरी से बिजली का प्रयोग करते पकड़ा।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद बिल जमा न करने पर बिजली आपूर्ति स्वत: ही बंद हो जाती है। लखनऊ से संचालित सारा मामले की सूची स्थानीय विभागीय अधिकारी को भेजकर आपूर्ति बंद होने के बाद बिजली का प्रयोग कैसे और किस माध्यम से हो रहा जांच करने के निर्देश दिए गए। बुधवार की सुवह सवेरे बिजली विभाग के एसडीओ के नेतृत्व में विजिलेंस थाना प्रभारी राजेश कुमार ने विद्युत कर्मचारियों की टीम के साथ मौहल्ला चमन सराय में बिल जमा न करने पर आपूर्ति बंद उपभोक्ताओं के घरों पर छापा मारा। टीम सूची के साथ पहुंची टीम ने कई घरसों पर जांच की लेकिन आपूर्ति बंद मिली। जबकि दो घरों पर चोरी से बिजली का प्रयोग करते पाया गया। टीम ने केबिल उतारकर अपने कब्ज़े में ले लिया। सुबह सवेरे छापे से हड़कम्प मच गया। जबकि टीम ने कई अन्य घरों पर भी बिजली चोरी करने के शक में छापा मारा। इसके अलावा बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं को जल्दी बिल का भुगतान कर अपना कनैक्शन पुन: चालू कराने के लिए प्रेरित किया। लगभग दो घंटे तक टीम ने मौहल्ले के कई घरों पर छापा मारकर जांच की लेकिन टीम को दो घरों को छोड़कर चोरी का मामला हाथ नहीं आ सका।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरे दो पुत्र सुहैल व बब्लू एवं बब्लू की पत्नी रूखसार गलत संगत में पड़ गए है। और मेरे व मेरे पांचो पुत्रों के साथ अभद्र व्यवहार करते है। मैने काफी समझाने का प्रयास किया किन्तु उपरोक्त लोगों के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। इसलिए मैने अपने पांचो पुत्रों के साथ सुहैल व बब्लू व रूखसार से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए है। तथा अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उक्त तीनों अपने सभी कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**असलमी बेगम पत्नी मौ. अय्यूब**
नि. मौ. कोटला सराय तरीन थाना हयात नगर जिला सम्भल।

# अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत परिवार ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव चंदन ईसापुर निवासी एक महिला की निजी अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान क्रांति देवी पत्नी आदेश कुमार के रूप में हुई है, जिन्हें पित्त की थैली में पथरी की शिकायत के चलते उपचार हेतु मुरादाबाद शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित पीएसी तिराहा, कांठ रोड पर बने आजाद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।परिजनों के अनुसार, क्रांति का पथरी का ऑपरेशन होना था, लेकिन इस दौरान उनकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने लापरवाही के आरोपों से इंकार करते हुए कहा कि मरीज की हालत पहले से ही गंभीर थी और उपचार के दौरान पूरी सावधानी बरती गई।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल, परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई की तैयारी में जुट गई है।





## आचार्य कामेश्वर मिश्र को अर्पित की श्रद्धांजलि शोकसभा में नम आंखों से किया स्मरण

**मुरादाबाद।** श्री परिवार बगलामुखी महायज्ञ समिति ट्रस्ट के महायज्ञ संचालक आचार्य कामेश्वर मिश्र के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगत आचार्य को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि आचार्य कामेश्वर मिश्र सरल, सौम्य और धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे।

उन्होंने समाज सेवा और धार्मिक आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महायज्ञों के सफल संचालन में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उनके असमय निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर श्री परिवार पीठाधीश्वर पं. कृष्णा स्वामी, पं. तेजनारायण मिश्र, आचार्य यश पांडेय, नगर संत महामंडलेश्वर संजय नंद गिरी सहित राकेश मंहत, घवल दीक्षित, संजय सक्सेना, के.के. गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, अवनीत सक्सेना, गोपाल गर्ग, विकास ममगाई, अखिलेश सक्सेना, विपिन अग्रवाल, निपुण सक्सेना, अनिता श्रीवास्तव, उर्मिला पांडेय, नीलम अग्रवाल, अंजू सक्सेना, अनुराधा तोमर, कल्पना शर्मा, मधु सक्सेना और शीला श्रीवास्तव समेत अनेक लोग मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा का समापन ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना के साथ हुआ।



## एक नजर

### प्रा.वि. कोठी बिलारी में शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, छात्रों को वितरित किया गया परीक्षाफल



**बिलारी।** प्रा०वि० कोठी, बिलारी में शारदा संगोष्ठी एवं विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनके वार्षिक परीक्षाफल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा मेहनाज जहाँ ने की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों के साथ-साथ बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन का उत्साह और बढ़ गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 5 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ, जिसमें रुफेदा, फायजा, साहिल, आयान, आहिल, समद, अर्थ, कामिल, जैदा, इरम, सायमा, लायबा और तसमिमा सहित कई बच्चों ने भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद कक्षा 5 के अशरफ ने "अपना नजरिया अपने पास रखो" शीर्षक प्रस्तुति दी, वहीं "चढ़ता सूरज धीरे-धीरे" कव्वाली को फेज, रुफेदा और फायजा ने प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। सामाजिक समस्याओं पर आधारित कार्यक्रम "आजादी कब मिलेगी" को कक्षा 4 व 5 के फैज, रुफेदा, फायजा और अरहान ने प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। रोहित कुमार ने "दाल कब गलेगी" प्रस्तुति दी, जबकि शिक्षकों के सम्मान में बच्चों ने "उस्ताद-ए-मोहतरम" और "तुमको न भूल पाएंगे" जैसे समूह गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को परीक्षाफल वितरित किया गया तथा अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती कमरजिया ने विद्यालय स्टाफ के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी शील्ड देकर सम्मानित किया। साथ ही अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने वाले अभिभावकों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय स्टाफ अनीता रस्तोगी, कविता, तरन्नुम, अर्चना, शोयब आरा, फरीदउद्दीन, मुबख्शिर हुसैन आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन का दायित्व डावीर पाल यादव ने निभाया, जबकि अब्दुल मलिक का योगदान भी सराहनीय रहा। अंत में सभी उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों को जलपान वितरित किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार और अभिभावकों के लिए यादगार बन गया।

### नगर में बदला मौसम का मिजाज, आंधी और बारिश से जनजीवन प्रभावित किसानों की फसल को भारी नुकसान

**बिलारी।** बुधवार को बिलारी नगर का मौसम अचानक करवट लेता दिखाई दिया। बीती रात आई तेज आंधी ने लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया, वहीं सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। नगर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों के लिए यह मौसम पूरी तरह विपदा बनकर आया। आंधी तेज हवा से आम की फसल बड़ी तादाद में बर्बाद हो गयी है गेहूं की खड़ी फसल तेज आंधी के कारण खेतों में गिर गई, जबकि सुबह की बारिश से कटी हुई फसल बुरी तरह खराब हो गई। किसानों का कहना है कि अचानक बदले मौसम ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। इधर मौसम में भी बदलाव देखा गया। बीती रात से ही लोगों ने ठंडक का एहसास किया, जबकि बुधवार सुबह हुई करीब दो घंटे की बारिश ने तापमान में और गिरावट ला दी। अचानक आए इस बदलाव ने लोगों को अप्रत्याशित मौसम का सामना करने पर मजबूर कर दिया है।



### दुर्घटना मामले में तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सफीलपुर के रहने वाले योगेंद्र कुमार ने कोतवाली में दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें कहा कि 10 फरवरी की शाम उसके पिता चमन सिंह अपने साढ़ू राजेश कुमार के साथ 6:30 बजे खाना खाकर सड़क पर टहल रहे थे। इसी बीच सड़क के किनारे कच्चे में खड़े थे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने दोनों को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां से मुरादाबाद रेफर किया गया, उनके पिता के पैर व हाथ में फैक्चर हो गया। वहीं राजेश कुमार के हाथ की कलाई और उंगली कट गई। तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### शादी में ईंट पत्थर फेंक कर मारे, एक पर मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्वारऊ में एक शादी समारोह के दौरान पत्थर फेंक कर मारे गए। जिससे शादी में आए लोगों के चोटें लगी। इस मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने एक पर मुकदमा दर्ज किया है। ग्वारऊ गांव के विनय पुत्र प्रेमपाल ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके भाई रोहित की शादी 11 मार्च की रात्रि में थी।

उनके दरवाजे के आगे शादी के खाने का कार्यक्रम चल रहा था। रात्रि 1 बजे पंडाल में पड़ोसी भोगराज पुत्र ओमप्रकाश ने छत से ईंट पत्थर फेंक कर मारे। जिससे चार रिश्तेदारों के चोटें आई। तहरीर पर पुलिस ने भोगराज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### मार्ट मीटर मसले पर जन संसद की महत्वपूर्ण बैठक आज

**बिलारी।** विद्युत विभाग से जुड़े स्मार्ट मीटरों के विवाद और उपभोक्ता समस्याओं के समाधान के लिए आज 9 अप्रैल 2026 को बिलारी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 3 बजे विद्युत उपखंड बिलारी, स्टेशन रोड स्थित कार्यालय पर होगी, जिसका संचालन जन संसद बिलारी के प्रयासों से किया जा रहा है। सूचना के अनुसार एसडीओ विद्युत उपखंड बिलारी के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर लगाने वाली पूरी टीम मौके पर उपस्थित रहेगी। टीम उपभोक्ताओं को पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाएगी, उनकी आशंक. ाओं को दूर करेगी तथा विभिन्न शिकायतों का निवारण करने का प्रयास भी किया जाएगा। जन संसद बिलारी की ओर से सभी उपभोक्ताओं, शिकायतकर्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों से समय पर पहुँचकर बैठक में भाग लेने की अपील की गई है, ताकि समस्याओं का समाधान सामूहिक संवाद से किया जा सके। जन संसद बिलारी के संयोजक नोमान जमाल, सदस्य डॉ. जितेन्द्र दश, देवेश शर्मा एडवो, और फैसल रजा ने कहा कि यह बैठक उपभोक्ताओं की परेशानियों को प्रत्यक्ष रूप से सुनने और बिजली विभाग से उनके समाधान की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगी।

# टीएमयू डेंटल कॉलेज की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में जुटेंगे देश और दुनिया के जाने-माने एक्सपर्ट्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महाव. ीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर देश और दुनिया के जाने-माने एक्सपर्ट्स जुटेंगे। ब्लेंडेड मोड में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का 10 अप्रैल को ऑडी में शुभारम्भ होगा। मलेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय में ओरल मेडिसिन एवम् ओरल पैथोलॉजी की एक्सपर्ट डॉ. नोरातिका बिंती अवांग हाशिम बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहेंगी। साथ ही विष्णु डेंटल कॉलेज, आंध्र प्रदेश के प्रिंसिपल डॉ. ए.वी. रामा राजू, बाबा कीनाराम स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, चंदौली के डॉ. पीयूष शिवहरे, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, नई दिल्ली में जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा के एचओडी डॉ. विक्रांत मोहंती, सिंहगढ़ डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पुणे के डॉ. विनीत विनय, कॉर्पोरेट एआई ट्रेनर श्री प्रक्षित खन्ना, डॉ. जेडए डेंटल कॉलेज, एएमयू अलीगढ़ में ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग के डॉ. प्रद्युम्न वर्मा भी अपना व्याख्यान देंगे।





टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य एवम् कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष प्रो. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल एवम् कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी डॉ. अंकिता जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस में 200 रिसर्च पेपर्स और 150 पोस्टर्स भी प्रस्तुत किए जाएंगे। डॉ. जैन ने बताया, कॉन्फ्रेंस में उच्च स्तरीय पैनल चर्चा भी होगी। पैनलिस्टों में मुरादाबाद के डॉ. स्वतंत्र अग्रवाल, तमिलनाडु के डॉ. जॉनसन राजा जेम्स, मेरठ से डॉ. विनीता निखिल, फरीदाबाद से डॉ. पुनीत बत्रा, वाराणसी से डॉ. पीजी नवीन कुमार, दिल्ली से डॉ. अरुण कुमार केवी, बरेली से डॉ. सत्यजीत नाइक सरीखे एक्सपर्ट्स शामिल होंगे। उल्लेखनीय है, इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता भी होगी। अतिथियों की ओर से कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन भी किया जाएगा।

# हायर्री वर्क एंड हायर (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड में टिमिट के विद्यार्थियों का हुआ शानदार चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट के लिए यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि संस्थान के तीन मेधावी विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनी हायर्री वर्क एंड हायर (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। कंपनी द्वारा आयोजित प्लेसमेंट प्रक्रिया के माध्यम से इन विद्यार्थियों का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट (इनसाइड सेल्स) पद पर किया गया है। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत कंपनी के प्रतिनिधियों ने छात्रों को कंपनी प्रोफाइल एवं जॉब रोल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात विभिन्न चरणों जैसे ऑनलाइन इंटरव्यू एवं एचआर राउंड के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन किया गया। सभी चरणों को सफलतापूर्वक पार करते हुए सोहित गोला (एमबीए), दिव्यांश पराशर (बी.कॉम ऑनर्स) एवं लिपिका जैन (बी.कॉम प्रोग्राम) का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को 4. 94 लाख रुपये प्रति वर्ष (एलपीए) का आकर्षक पैकेज प्रदान किया गया है तथा उनकी नियुक्ति नोएडा में की गई है। यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय टिमिट के अनुभवी संकाय सदस्यों, व्यावहा. रिक शिक्षण पद्धति एवं कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान में प्राप्त ज्ञान एवं कौशल ने उन्हें इस सफलता तक पहुँचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर टिमिट के डीन फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों की सफलता ही संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि टिमिट में छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक कौशल भी प्रदान किए जाते हैं, जिससे वे अपने करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर के निदेशक अरुण कुमार एवम उप-निदेशक श्री आकाश भटनागर एवं अन्य अधिकारियों ने भी कंपनी के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने कार्यस्थल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन करें। टिमिट परिवार की ओर से सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।



सोहित गोला | दिव्यांश पराशर | लिपिका जैन

# मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में 20 सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों का हुआ सम्मान, भुगतान प्रपत्र सौंपे गए

मुरादाबाद। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित मनन सभागार में बुधवार को "पेंशनर्स सम्मान एवं सेवानिवृत्ति भुगतान समारोह" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मार्च 2026 में सेवा. निवृत्त हुए 20 रेल कर्मचारियों को निपटान भुगतान प्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंडल प्रशासन के अनुसार, सेवा. निवृत्त कर्मचारियों में 15 कर्मचारी ओपीएस, 4 एनपीएस और 1 कर्मचारी यूपीएस योजना के अंतर्गत शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य हित निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने किया।समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) प्रेमशंकर झा और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक ठाकुर ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निपटान भुगतान प्रपत्र सौंपे। साथ ही बताया गया कि सभी भुगतान संबंधित कर्मचारियों के नामांकित बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से सीधे भेज दिए गए हैं, जो उनके खातों में क्रेडिट हो चुके हैं।अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रेमशंकर झा ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष रेल सेवा को समर्पित किए हैं और उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों के उत्तम स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की।वहीं, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक ठाकुर ने कर्मचारियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यदि उन्हें रेल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वे सीधे मंडल कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने की भी सलाह दी और कहा कि किसी भी अनजान कॉल पर ओटीपी या निजी जानकारी साझा न करें।कार्यक्रम का समापन सम्मान और शुभकामनाओं के साथ किया गया।

# राशन डीलरों की बैठक में कुंदरकी विधायक ने की चर्चा



**मुंडापांडे।** आज ब्लॉक सभागार मुंडापांडे में राशन डीलरों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह शामिल हुए। बैठक में ग्राम स्तर पर केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर राशन डीलर की भूमिका पर चर्चा हुई।कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित राशन डीलरों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी हर पात्र व्यक्ति के घर से जुड़े हुए है, आप लोगों को हर घर के एक एक सदस्य तक की जानकारी रहती है। राशन वितरण में आप लोग पारदर्शिता बनाए रखें सभी लाभार्थियों को समयबद्ध और पूर्ण राशन मिले।उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाने का भी आप काम करें। वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन आदि अन्य योजनाओं के पात्र व्यक्तियों के नामांकन आप लोग कराए और मेरे कार्यालय को जानकारी दें।

# मानव को प्रतिदिन आते हैं 70 हजार विचारः प्रो. एनके सिंह





**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महाव. ीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने कहा, यूं तो स्ट्रेस अच्छा होता है। यह मोटिवेट करता है। उत्साहित करता है, जबकि डिस्ट्रेस सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। डिस्ट्रेस चिंता पैदा करता है। क्रोध लाता है। तनाव में बायोकेमिकल रिएक्शंस होती है। शरीर में और कई तरह के हार्मोन और न्यूरोट्रांसमीटर में बदलाव होता है। उन्होंने बताया, तनाव के स्रोत क्या-क्या हैं? सामाजिक तनाव, जैविक तनाव, पर्यावरणीय तनाव आदि पर बोलते हुए प्रो. सिंह ने कहा, एंटीबायोटिक से रेजिस्टेंस बनने के कारण एक समय बाद एंटीबायोटिक भी असर हो जाएंगे। सिंपैथेटिक सिस्टम और पैरासिंपैथेटिक सिस्टम शरीर में दिन के साथ महत्वपूर्ण बदलाव लाते हैं। तनाव प्रबंधन में इनका बहुत बड़ा योगदान होता है। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी की ओर से स्ट्रेस मैनेजमेंट पर हुए गेस्ट लेक्चर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रो. एनके सिंह, डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन की एचओडी प्रो. साधना सिंह, फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल, वाइस प्रिंसिपल प्रो. मयूर पोरवाल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रो. सिंह ने झूले का उदाहरण देते हुए कहा, झूलने के दौरान तनाव प्रबंधन और तनाव का एक्सप्रेशन विभिन्न रूपों में होता है। तनाव के कारण जीन में आए बदलाव के अध्ययन को हैप्पी जेनेटिक चेंज कहते हैं।

जब मनुष्य के बच्चे का विकास होता है तो सबसे पहले दिल आता है फिर दिमाग आता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 70,000 विचार मनुष्य को आते हैं। न्यूरोप्लास्टिसिटी एक बहुत महत्वपूर्ण शब्द है, जिस पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बताया, ज्ञान की क्रिया से जो डीएनए और क्रोमोसोम के निर्माण में लगने वाले टीलोमर्स होते हैं, उनकी लंबाई बढ़ जाती है।

दूसरी ओर एचओडी प्रो. साधना सिंह ने स्टुडेंट्स और फैकल्टीज को ध्यान और तनाव मुक्त रहने की विभिन्न विधि- सां. सों पर ध्यान केंद्रित करना, डीप ब्रीदिंग करने की प्रैक्टिस कराई। स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यक्रम में डॉ. फूलचंद, डॉ. आशीष सिंघई, डॉ. आदित्य विक्रम जैन, श्रीमती प्रीति यादव, श्री अपूर्व रस्तोगी आदि के संग-संग डी फार्म, बीफार्म, एमफार्म, फार्म डी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मौसम खराब होने से किसान परेशान गेहूं की फसल को नुकसान होने का खतरा



**कांठ( शाह टाइम्स )** मौसम खराब होने से किसानो की परेशानी बढ़ गई यदि बारिश पड़ी तो किसानों को गेहूं की फसल में नुकसान का खतरा भी बन गया है। बतादे की अचानक तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई तो किसानों के माथे पर पसीना आने लगा मौसम विभाग ने बारिश और आंधी की चेतावनी दी तो किसानों के होश उड़ गए किसानों का कहना था कि इस वक्त गेहूं की फसल की कटाई पूरे सवाब पर है और यदि बारिश पड़ती है तो कटी फसल में काफी नुकसान हो सकता है और ओलावृष्टि हुई तो फिर खड़ी फसल भी बर्बाद हो सकती है कुल मिलाकर आज किसानों के सामने दिनभर परेशानी बनी रही शाम को मौसम ठीक हुआ तो किसानों ने राहत की सांस ली बदले मौसम के कारण अप्रैल के महीने में भी आज लोगों को सर्दी का एहसास देखने को मिला है।

# अग्नि शमन विभाग के कर्मचारियों ने छात्रों को बताएं आगजनी से बचाव के उपाय

**कांठ( शाह टाइम्स )**महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से फायर सेफ्टी पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे फायर पुलिस की टीम ने विद्यालय में पहुँचकर आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों एवं प्राथमिक सुरक्षा तकनीकों की जानकारी दी। फायर पुलिस कर्मियों ने विद्यार्थियों को फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। उन्होंने बताया कि आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ से कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। छात्र-छात्राओं ने सुरक्षा उपायों को ध्यानपूर्वक समझा।प्रधानाचार्य मदन सिंह ने फायर विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं और उन्हें जीवन में सुरक्षा के प्रति सजग बनाते हैं। अंत में सभी को अग्नि सुरक्षा के नियमों का पालन करने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, सुन्दर सिंह,अतवीर सिंह त्यागी, नरपाल सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।




## एक नजर

### राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पहुंचे महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी

**चन्दौसी।** बुधवार को नगर स्थित राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर महामंडलेश्वर डॉ. कैलाशानंद गिरी महाराज का आगमन हुआ। उनके पहुंचते ही वहां श्रद्धालुओं और भाजपा पदाधिकारियों की भीड़ जुट गई। महाराज ने करीब 20 मिनट तक राज्यमंत्री से वार्ता की और परिवारजनों को आशीर्वाद प्रदान किया।

इस दौरान कई जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे तथा उन्होंने भी महाराज से आशीर्वाद लिया। मौके पर जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की उपस्थिति भी रही। ज्ञात हो कि बहजोई के बड़े मैदान में इन दिनों डॉ. कैलाशानंद गिरी महाराज द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। महाराज निरंजनी अखाड़े से जुड़े हुए हैं

और उनके अनुयायी देश-विदेश में फैले हैं, जो उनकी वाणी का रसपान करने के लिए दूर-दूर से पहुंचते हैं। महाराज के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर सहित स्थानीय पुलिस बल और उत्तराखंड पुलिस भी तैनात रही। लगभग 30 मिनट प्रवास के बाद महाराज अपने अंगरक्षकों के साथ आगे के कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

### चन्दौसी में महामंडलेश्वर डॉ. कैलाशानंद गिरी का भव्य स्वागत





**चन्दौसी।** शहर के रामस्वरूप रोड स्थित जैन पैलेस में बुधवार को महामंडलेश्वर डॉ. कैलाशानंद गिरी महाराज के आगमन को लेकर सुबह से ही पुलिस का कड़ा पहरा रहा।

दोपहर करीब 02 बजे महाराज अपने अनुयायियों के साथ जैन पैलेस पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जैन पैलेस के विशाल हॉल में नगरवासियों ने महाआरती कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, महापौर मुरादाबाद विनोद अग्रवाल, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, पूर्व एमएलसी पप्पू चौधरी, अनुराग गर्ग, अंकित जैन, सुधीर मल्होत्रा, परमेश्वर लाल सैनी, पंकज शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया भी उपस्थित रहे और भक्तों को मंच पर आमंत्रित किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। पूरे आयोजन में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और वातावरण पूरी तरह श्रद्धा और उत्साह से सराबोर नजर आया।

### एहसास सेवा संस्थान ने चलाया स्कूल चलो अभियान

**मुरादाबाद।** एहसास सेवा संस्थान ने आज रहमतनगर गली नंबर 6 में स्कूल चलो अभियान चलाया, जिसमें 30 बच्चों के नाम स्कूल जाने के लिए लिखे गए। यह कैंप स्थानीय निवासियों के सहयोग से आयोजित किया गया था।इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्कूल में दाखिला दिलाना था। संस्थान के सदस्यों ने बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात की और उन्हें शिक्षा के लाभों के बारे में बताया।संस्थान के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जल्द ही ईदगाह पर अगला कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा के दायरे में लाना है और उन्हें एक बेहतर भविष्य प्रदान करना है।संस्थान के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने इस अभियान के लिए स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों से सहयोग प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना है और उन्हें शिक्षा के दायरे में लाना है।इस अभियान में संस्थान के सदस्यों ने बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया और उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है जो बच्चों को एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकता है।संस्थान के सदस्यों ने बताया कि वे आगे भी इस तरह के अभियान चलाते रहेंगे और समाज के हर वर्ग को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे।

# बीआर अंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत विधान सभा क्षेत्र में 10 स्मारकों का होगा कायाकल्प

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** प्रदेश में महापुरुषों की विरासत को सहे. जने की दिशा योगी सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में 10 स्मारकों के विकास का निर्णय लिया है। श्डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजनाश को स्वीकृति दी गई। इसके तहत महापुरुषों, समाज सुधारकों और श सांस्कृतिक विभूतियों की मूर्तियों का संरक्षण व सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। योगी सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ-साथ संत रविदास, कबीर, ज्योतिबा फुले, महर्षि वाल्मीकि समेत अन्य महापुरुषों की मूर्तियों का व्यापक सौंदर्याकरण करेगी। इसके साथ ही आगामी 14 अप्रैल को प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधि (सांसद, विधायक, एमएलसी) जनता को इस योजना और चयनित स्थलों के बारे में जानकारी भी देंगे स स्मारकों को जनोपयोगी केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा योगी सरकार की यह पहल मूर्ति स्थलों को केवल प्रतीकात्मक स्थान न बनाकर उन्हें जानकारीपरक और जन उपयोगी केंद्र के रूप में विक. सित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसके अंतर्गत 31 दिसंबर 2025 तक स्थापित मूर्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर उनके आसपास के क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। योजना के तहत प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 स्मारकों का विकास किया जाएगा। प्रति स्मारक 10 लाख रुपये की लागत तय की गई है। इसके अंतर्गत कुल 403 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इन स्मारकों के आसपास बाउंड्रीवॉल, छत्र निर्माण, सौंदर्याकरण, हरियाली का विकास और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। यह पहल न केवल ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित करेगी, बल्कि उन्हें जनोपयोगी केंद्र के रूप में भी विकसित करेगी।योजना का उद्देश्य सिर्फ मूर्तियों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके आसपास के क्षेत्रों को विकसित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करना है।

निर्माण कार्यों के जरिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मारपीट के मामले में महिला की शिकायत पर चार किए नामजद

**कांठ( शाह टाइम्स )** महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार को नामजद किया है घटना थाना क्षेत्र के गांव भैंसली जमालपुर की है वहां की रहने वाली सकुनत पत्नी नन्हे का आरोप था कि 6 अप्रैल को उसके पति नन्हे बेटा विशाल और फैजिल गांव से जा रही बारात को देखने के लिए गए थे।

जहां पर गांव के सुभान सलमान जीशान पुत्रगण शमशाद व नौशाद पुत्र दिलशाद खड़े मिल गए और पुरानी रंजिश को लेकर पति व बेटों के साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। उन्होंने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई जिसमें नन्हे व विशाल को काफी चोट आई गांव वालों ने उन्हें बचाया तो हमलाबर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में लाया गया जहां से विशाल को मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# मानव संपदा पोर्टल पर देख सकते है राज्यकर्मियों की जांच

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** प्रदेश सरकार ने पारदर्शिता बढ़ाने और कर्मचारियों की सेवा संबंधी जानकारी को डिजिटल रूप से व्यवस्थित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

अब राज्यकर्मियों के खिलाफ चल रही जांच, विभागीय कार्रवाई और सतर्कता जांच की पूरी जानकारी मानव संपदा पोर्टल पर आनलाइन दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम. देवराज ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। मानव संपदा पोर्टल के सभी आफिस एडमिन आइडी को अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी अपडेट करनी होगी।

# अवैध मंगलबार बाजार हटाने की तैयारी

**मुरादाबाद।** शहर में फुटपाथों पर लगने वाले अवैध मंगलबार बाजार को हटाने के लिए प्रशासन ने सोमवार की शाम को कोतवाली में आयोजित बैठक में पुलिस, नगर निगम और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता सिटी मजिस्ट्रेट विनय पांडे ने की। अपर नगर आयुक्त अजित कुमार सिंह ने कहा कि मंगलवार को सुबह से ही पुलिस और व्यापार मंडल के पदाधिकारी मिलकर फड़ लगाने वालों को रोकेंगे। अगर कोई नहीं मानेगा तो नगर निगम के द्वारा उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फुटपाथों पर अतिक्रमण से जनता को आवा. जाही में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जो बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। बैठक में संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जानी, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, सुरक्षा फोरम अध्यक्ष विजय मदान, सराफा कमेटी अध्यक्ष नीरज अग्रवाल सहित कई व्यापारी नेताओं की मौजूदगी में निर्णय हुआ कि शहर में फुटपाथों पर अवैध बाजार के कारण जाम और अव्यवस्था बनी रहती है। मंगलवार को संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।क्या आपको लगता है कि यह अभियान सफल होगा?



# गांधी स्मारक महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** गाँधी स्मारक महाविद्यालय, सुरजननगर जयनगर में बुद्धवार को मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्विश्व स्वास्थ्य दिवसश के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी और दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व को समझाया। इस अवसर पर मिशन शक्ति समिति के प्रभारी डॉ. अमर प्रताप कनौजिया, डॉ. धनंजय सिंह, डॉ. देवेन्द्र प्रकाश और श्री राजीव कुमार चौधरी समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्वस्थ शरीर ही सशक्त समाज की नींव है। इस कार्यक्रम में मनीषा, आलिया, यश कुमार, रोहित कुमार, अरविन्द कुमार और नवनीत कुमार सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**खादी ग्रामोद्योग समिति**
**आसफाबाद चमन जिला बिजनौर -246722**

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रूई 10000.00 किलो की तथा उन 5435.00 आवश्यकता हैं। इच्छुक पार्टियां टेण्डर भरने का कष्ट करें। टेण्डर का प्रारूप संस्था से प्राप्त की जा सकती है। टेण्डर भरने की तिथि 28.4. 2026 की शाम 5 बजे तक होगी।

**सचिव - नवनीत कुमार**
**मोबाइल नंबर 9690031673**

**खादी निकेतन समिति रतुपुरा**
**ग्राम व पोस्ट रतुपुरा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश 244602**

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रुई 6670.00 किलो की तथा उन 5435.00 आवश्यकता हैं। इच्छुक पार्टियां टेण्डर भरने का कष्ट करें। टेण्डर का प्रारूप संस्था से प्राप्त की जा सकती हैं। टेण्डर भरने की तिथि 28.04. 2026 की शाम 5 बजे तक होगी।

**सचिव - सचिन कुमार**
**मोबाइल नंबर 9528097700**

**ग्रामोद्योग विकास समिति भायपुर**
**कार्यालय ग्राम नारयणपुर पोस्ट शरीफनगर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश 244601**

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रुई 10000.00 किलो की तथा उन 5435.00 आवश्यकता हैं। इच्छुक पार्टियां टेण्डर भरने का कष्ट करें। टेण्डर का प्रारूप संस्था से प्राप्त की जा सकती हैं। टेण्डर भरने की तिथि 28.04. 2026 की शाम 5 बजे तक होगी।

**सचिव-गौरव कुमार**
**मोबाइल नंबर 9012475509**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )
**न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मुरादाबाद**
**नम्बर मुकदमा :**-502 सन् 2024
**तारीख पेशी:** 10.04. 2026
**धारा-9 हकूकेजोजियत**
**थाना कटघर**
**मौ० साजिद बनाम श्रीमति राशिदा**
**बनाम**
श्रीमति राशिदा उम्र 26 वर्ष पुत्री बाबू पत्नी मौ0 साजिद निवासी मौहल्ला हड्डी मिल नजीर की मंडिया तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **धारा-9 हकूके जोजियत** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 10 माह 04 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 08 के माह 04 सन् 2026 को जारी किया है।

**अहलमद**
**अतिरिक्त परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# नगर पंचायत में बोर्ड की बैठक कर किए कई प्रस्ताव पास



**कांठ( शाह टाइम्स )**नगर पंचायत उमरी कला में आज बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शासन द्वारा नामित सभासदों का गुलदस्ता भेंट कर अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने स्वागत किया।

इसके बाद नगर पंचायत के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई जिसमें मोहल्ला पछियान में बारात घर का प्रस्ताव पास हुआ। पब्लिक इंटर कॉलेज में खेल का मैदान मोहल्ला चौधरियन में लाइब्रेरी मोहल्ला पछियान में चिल्ड्रन पार्क का निर्माण प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प मोहल्ला पछियान में सीसी रोड का निर्माण नगर की आय बढ़ाने हेतु भवन मानचित्र बनाने पर विचार विमर्श और साफ सफाई व्यवस्था को और भी मजबूत करने आदि पर विचार किया गया। बैठक में नगर अध्यक्ष हाजी उस्मान अली अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार एवं सभासद डॉ लईक, अनिल दिवाकर , सतीश दिवाकर, शहाना शमीम , मीनू मेम्बर , अतीब अहमद , फरजाना खातून , नफीस सैफी , यूनुस मेम्बर , शादाब जहाँ , रेशमा खघतून , फरजाना खघतून , एजाज अहमद , अतीक अहमद मौजूद रहे ।

# पुलिस प्रशासन का फ्लैग मार्च अतिक्रमणकारियों को दी सख्त चेतावनी

**सुरजन नगर।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान सीओ आशीष प्रताप सिंह और चौकी प्रभारी ओमकार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने क्षेत्र का भ्रमण किया और स्थानीय निवा. सियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया फ्लैग मार्च के दौरान क्षेत्राधिकारी सीओ आशीष प्रताप सिंह ने सड़क किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर अवैध कब्जों के कारण यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। उन्होंने दुकानदारों से अपना सामान सीमा के भीतर रखने का निर्देश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान टीम डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुँची। यहाँ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिमा के आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित करने और प्रतिमा की छत के नवनिर्माण का आश्वासन दिया। प्रशासन की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। इस फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से सतेन्द्र बालियान, पुलिसकर्मी अरुण कुमार, राम मोहन शर्मा, अंकित मित्तल, विपिन राजपूत और राम मोहन शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।





